पाठ 7. पंच परमेश्वर

पाठ की भूमिका

इस पाठ का उद्‌देश्य अंतर-वैयक्तिक संबंध का कौशल विकसित करना है ताकि वे विभिन्न व्यक्तियों/प्राणियों से सकारात्मक तरीके से जुड़ने की समझ पैदा कर सकें। मित्रता या शत्रुता न्याय के बीच में सहज भाव से लगभग नहीं आती। न्याय करने की ज़िम्मेदारी आने पर मनुष्य के भीतर का मनुष्य जाग जाता है। अलगू चौधरी तथा जुम्मन शेख के बीच से उभरती हुई यह कहानी इसी भावना को मज़बूती प्रदान करती है।

पाठ का सार

जुम्मन शेख ने अपनी बुढ़िया मौसी से उसकी ज़मीन अपने नाम करवा ली। कुछ दिन तो मौसी की सेवा जुम्मन ने की लेकिन जल्दी ही मौसी के दाने-पानी का खर्च उसे चुभने लगा। मौसी की हालत दिन-पर-दिन भूख और अपमान से बिगड़ती चली गई। मौसी ने पंचायत का सहारा लिया। उस पंचायत में जुम्मन शेख के मित्र अलगू चौधरी को सरपंच बनाया गया। अलगू ने न्याय का साथ दिया और मौसी को उनके अधिकार मिले।

कुछ दिन बाद अलगू चौधरी ने समझू साहू को अपना एक बैल बेच दिया। समझू साहू ने बैल का मूल्य चुकाने में देर की और इसी बीच ज़रूरत से ज्यादा काम लेने के कारण वह बैल मर गया। अब समझू साहू और अलगू चौधरी के बीच झगड़ा बढ़ा। पंचायत में जुम्मन शेख को सरपंच चुना गया। उसके मन में अलगू से हिसाब चुकता करने का भाव जागा तो सही लेकिन न्याय की कुर्सी पर बैठकर उसने न्याय ही किया। इस प्रकार मनुष्यता की जीत हुई।

अध्यापन संकेत

- **मूल पाठ के लिए संकेत**

  गाँव के जीवन, प्रेमचंद के समय के मनुष्य और समाज तथा आज के समय और समाज में आए परिवर्तनों की चर्चा करते हुए कहानी का पठन-पाठन करें व करवाएँ।

  शब्दों के अर्थ देते हुए, ऐसे प्रसंग, जिनको विस्तार से बताने की ज़रूरत है, विस्तार से बताएँ। परिवार के मूल्यों व सामाजिक रीति-रिवाज़ों की चर्चा विशेष रूप से करें। ग्राम पंचायत की आवश्यकता के बारे में आज के संदर्भ में चर्चा करें।

- **अभ्यास प्रश्नों के लिए संकेत**
  - **मौखिक प्रश्नों, पहेलियों, पठित परिच्छेद** व **पाठ आधारित प्रश्नों** के अध्यापन संकेत हेतु **पृष्ठ संख्या 93** देखें।
  - **भाषा आधारित प्रश्नों** का उद्‌देश्य हिंदी भाषा के व्याकरण-पक्ष को सुदृढ़ करना है।
  - कर्ता और कर्म की परिभाषा व वाक्य में उनकी पहचान का तरीका बताएँ। इनका संबंध क्रिया से है, यह भी समझाएँ।
  - वाक्य में विशेषण की पहचान का तरीका बताएँ। यह भी समझाएँ कि इनका संबंध संज्ञा या सर्वनाम से होता है।
- **क्रियाकलाप के लिए संकेत**
  - न्याय प्रक्रिया के बारे में समझाएँ। बच्चों को जानकारी दें कि सर्वोच्च न्यायालय देश की सबसे बड़ी अदालत होती है जबकि उच्च न्यायालय राज्य की सबसे बड़ी अदालत होती है।
  - इस कहानी के मंचन में पात्रों के चुनाव, संवाद लेखन, आदि में बच्चों की सहायता करें।